रेखा देव अस्पताल में चिकित्सा शिविर का आयोजन

झुंझुनूं, 17 जनवरी। हाउसींग बोर्ड स्थित रेखा देव अस्पताल में शनिवार को पाइल्स सहित अनेक रोगों के उपचार को लेकर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। अस्पताल प्रभारी डॉ. संतोष कुमार कुलश्रेष्ठ ने बताया कि इस शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक दिनेश शाह ने रोगियों की आधुनिक यंत्रो से जांच की तथा उन्हें परामर्श दिया। इस मोके पर डॉ. रेखा देव प्रकाश, एस सी चौहान, सरिता, सुमन, राजस्थान विंकलाग सेवा संस्थान के प्रदेश मंहामत्री हरचन्द सिंह महला, पार्षद कैलाश टेलर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

श्रीमती गोमती देवी टीटी कॉलेज मे फ्रेशर्स पार्टी

झुंझुनूं, 4 जनवरी। बड़ागांव स्थित श्रीमती गोमती देवी टीटी कॉलेज में आयोजित फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थियों बेजोड़ प्रस्तुतियां दे सभी का दिल जीत लिया। प्रबन्ध निदेशक चन्दू शर्मा, गुलराज जांगिड़, डा. एसके स्वेता, हेमन्त शर्मा, तपेन्द्र सिंह शेखावत, सज्जन शर्मा तथा सतीश सैनी के आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने विविध रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रतियोगिताओं में सज्जन शर्मा, प्रवीण जांगिड़, राजविरेन्द्र, प्रदीप, पवन सोनी, प्रियंका तथा ऋचा चौधरी विजेता रही। सांस्कतिक प्रस्तुतिया ममता, रमेश कंवर, सुमन कंवर राजावत, सवीता मीणा, प्रेमलता, हरि, विजेन्द्र तथा अमीत का कार्य सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन बिल्ला कुमारी ने किया।

महान संत श्रीश्री 1008 बाबा अवधेश दास जी महाराज की श्रृद्धा से मनाई पुण्य तिथि

झुंझुनूं, 16 जनवरी। महान संत श्रीश्री 1008 बाबा अवधेश दास जी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि गूरूवार को श्रद्धा के साथ मनाई गई। पूण्यतिथि से पूर्व बड़े धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मोड़ा पहाड़ स्थित बाबा ओलिया जी आश्रम के गद्दीनशीन अमरदास महाराज ने बताया कि पुण्य तिथि पर अखण्ड़ रामायण का पाठ पढा गया। दोपहर बाद प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें शेखावाटी के संतो व गणमान्य नागरिको ने भाग लिया। औलिया जी महाराज के गुरूभाई श्रीश्री रामजीवन दास महाराज भी उपस्थित थे।

देवेश दीक्षित का ब्राह्मण समाज द्वारा अभिनन्दन

माई झु.न्यूज। कथा वाचक बाल व्यास देवेश दीक्षित का झुंझुनूं ब्राह्मण समाज की और से सोमवार को भावभीना स्वागत अभिनन्दन किया गया।

कथा समापन के पश्चात् बाल व्यास के बीकानेर प्रस्थान से पूर्व विप्र बन्धुओं ने महाराज श्री को परशुरामजी भगवान का स्मृति स्वरूप चित्र भेंट किया। इस अवसर पर पवन पुजारी, संतकुमार पुरोहित, राधावल्लभ शुक्ल,रामधारी चौमाल, शिवचरण जोशी,आनन्द पुजारी,सुशील हिसारिया सहित अन्यजन उपस्थित थे।

पी.आर.ओ. राजकुमार पारीक की पदोन्नती पर सम्मान किया

झुंझुनूं, 12 जनवरी। सोमवार को जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी राजकुमार पारीक की पदोन्नती होने पर सम्मान किया गया। पत्रकारों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बोलते हुए पारीक ने कहा कि पत्रकारों को प्राथमिकता के साथ सामाजिक एवं कस्बे की समस्याओं को उठानी चाहिए। बुजुर्गो से हमेशा आगे बढने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं झुंझुनूं समाचार पत्र के सम्पादक एवं जिला पत्रकार समिति के संरक्षक श्यामसुन्दर पोद्दार का भी सम्मान किया गया। पत्रकारों ने पारीक एवं पोद्दार को प्रतीक चिन्ह, शॉल व श्रीफल तथा साफा प्रदान किया। माई झुंझुनूं डॉट कॉम निदेशक डीएन तुलस्यान ने अभिनन्दन पत्र भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लघु समाचार पत्र संघ के उपाध्यक्ष ग्यारसीलाल शर्मा ने की। साहित्यकार नरपतसिंह राजवी ने कहा कि पत्रकार ही वे होते है जो समस्याओं को उठाते है इसलिए सभी पत्रकारों को संगठित होकर समस्याओं को उठानी चाहिए। पूर्व तहसीलदार नेमीचन्द पूनियां ने कविता पाठ किया। संचालन राजन चौधरी ने किया। इस अवसर पर भरत मिश्र प्राची, उम्मेदअली खान, हीरालाल स्वामी, महेन्द्र सिंह शेखावत, उमेश सहल, संजय सैनी, सूरज पुरोहित, उमेश शर्मा, मोहम्मद मुस्लिम, अशोक सिंह शेखावत, जयप्रेम जानी, गोविन्द हरितवाल, रविन्द्र निर्वाण, प्रदीप अग्रवाल, अकराज कुरैशी सहित पत्रकार उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का एक दिवसीय शिविर

झुंझुनूं, 18 जनवरी। स्थानीय जेबी शाह कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक दिवसीय शिविर के दौरान कृषि वैज्ञानिक डा. हनुमान प्रसाद ने स्वयं सेविकाओं को जल संरक्षण का महत्व बताया। यह एनएसएस शिविर कृषि विज्ञान केन्द्र आबूसर में लगाया गया। जिसमें छात्राओं ने कृषि विज्ञान परिसर में श्रमदान भी किया। डा. प्रभुलाल व डीके यादव ने ऑर्गेनिक खेती, वर्मी कम्पोस्ट मतो से मत्सयपालन तथा केन्द्र में चल रहे प्रोजेक्टो की स्वयं सेविकाओं को जानकारी दी। शिविर प्रभारी डा. मनोरमा त्यागी के नेतृत्व में छात्राओं ने कृषि विज्ञान केन्द्र का अवलोकन भी किया।

शहीदो को श्रद्धाजंलि झुंझुनूं प्रगति मंच के कार्यकर्ताओं ने

झुंझुनूं, 31 दिसंबर। झुंझुनूं प्रगति मंच के कार्यकर्ताओं ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शहीद स्मारक परिसर में उपस्थित होकर शहीदो को श्रद्धाजंलि देते हुए सलाम किया। इस अवसर पर मंच अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, कैलाशदान बारठ, पितराम सिंह गोदार, डा. सतीश चन्द्र अग्रवाल, सीए अरविन्द चौधरी, सुरेश तुलस्यान, आरएस बसंल,सुभाष शर्मा, एडवोकेट रणजीतसिंह, बनवारीलाल, संजय सोनी, गुरूदयाल, कमाण्डो कृपाल सिंह, जयरामसिंह, कैप्टन मोहनलाल, हंसराज महला, महावीर सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये।

बिणजारों के नागराज को सेठिया सम्मान से नवाजा

माई झु.न्यूज। राजस्थानी भाषा विकास समिति एवं राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में जयपुर के आयोजित साहित्यकार सम्मेलन में पिलानी के वरिष्ठ कवि बिणजारों के सम्पादक नागराज शर्मा को कन्हैयालाल सेठिया राजस्थानी साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उक्त पुरस्कार वीणा कैसेटस के के सी मालू ने नागराज को प्रदान किया। समिति अध्यक्ष कल्याण सिंह राजावत व महामंत्री मेजर रतन जांगिड़,डा. भरत ओला एवं श्याम जांगिड़ सहित अन्यजन उपस्थित थे।

न्यू राज. की कैरियर स्कूल में नव वर्ष कार्यक्रम

माई झु.न्यूज। न्यू राजस्थान शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित कैरियर शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालय में नववर्ष उमंग समारोह का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। समारोह के मुख्य अतिथि डाईट प्राचार्य ओ.पी. जांगिड़ थे जबकि अध्यक्षता बी.एड. प्राचार्य रामजन्म यादव ने की। अध्यक्षीय भाषण प्राचार्य रामनिवास झाझड़िया ने दिया। कार्यक्रम में छात्राओं ने आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। प्रबन्ध निदेशक प्यारेलाल ढूकिया ने आगन्तुक अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।

विधायक रीटा चौधरी ने बांटी ड्रेस

माई झु. न्यूज। केडिया हवेली मलसीसर में मण्डावा विधायक रीटा चौधरी के सानिध्य में लादुराम रामप्रसाद केडिया,पुरूषोत्तम मलाल बंका, सीताराम बंसल के सौजन्य से स्कूली छात्र छात्राओं को ड्रेस वितरित की गयी। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामनारायण चौधरी,सज्जन मिश्रा,सीताराम बंसल,सत्यनारायण केडिया,नथमल बंसल,संतोष हाकिम,विनोद गिल सहित अन्यजन उपस्थित थे।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अयूब खान सम्मानित

माई झु.न्यूज। अयुब खान भ्रष्टाचार निरोधन ब्यूरो के डीवाईएसपी को जयपुर में शुक्रवार को मुरकालय स्थित आयोजित समारोह में महानिदेशक एसीबी ओमेन्द्र भारद्वाज ने उत्तम सेवा चिन्ह से सम्मानित किया। इससे पहले खान कोसोवा मिशन में यूएन मैडल से भी नवाजे जा चुके हैं। जयपुर मुख्यालय में आयोजित समारोह में खान सहित पूरे प्रदेश के 52 अधिकारियों एवं जवानों को सम्मानित किया गया जिसमें झुंझुनूं एसीबी टीम के कांस्टेबल गोपालराम (286) को अति उत्तम सेवा चिन्ह तथा कांस्टेबल करणसिंह (193) को उतम सेवा चिन्ह से सम्मानित किया गया।

स्व. रामनिवास रूगंटा परिवार ने नया साल जन्मस्थली बगड कस्बें में उत्साह के साथ मनाया

झुंझुनूं, 3 जनवरी। स्व. रामनिवास रूगंटा परिवार ने इस बार एकत्रित होकर नया साल जन्मस्थली बगड कस्बें में उत्साह के साथ मनाया। नव-वर्ष स्नेह मिलन समारोह में मुख्य रूप से बनवारी लाल रूगंटा, पूर्व आईएएस आनन्दी लाल रूगंटा, पुरूषोत्म लाल, पूर्व मुख्य अभियंता सिंचाई सतीश चन्द्र, पूर्व रेल्वे उच्च अधिकारी परमेश्वर लाल, पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त रतन लाल, सुशील रूगंटा, संतोष रूगंटा तथा बहनोई डॉ. एसपी सुद्रानिया, प्रशात गोयल सपरिवार उपस्थित थे। वर्तमान में रविवार 4 जनवरी तक रूगंटा परिवार के आर्थिक सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भी चल रहा हैं। जानकारी देते हुए आनन्दी लाल रूगंटा ने बताया कि यह वर्ष हमारे पिताजी का स्वर्ग जयंति वर्ष होंने के नाते धार्मिक कार्यक्रम करवाने रूगंटा परिवार का प्रथम लक्ष्य हैं।

जरूरतमंद लोगो को रोटरी क्लब ने बांटी रजाईयां

झुंझुनूं, 28 दिसंबर। रोटरी क्लब झुंझुनूं सीटी में रविवार को 50 जरूरतमंद लोगो को रजाईयां बटवाई। स्व. जोखीराम गुप्ता परिवार के महेन्द्र गुप्ता ने समरोहपूर्वक रजाई वितरण स्काउट गाइड परिसर में करवाई। इस अवसर पर दानदाता एवं क्लब अध्यक्ष सत्येन्द्र चौधरी, डा. त्रिवेणी शर्मा, डा. एसएन शुक्ला, डा. रेखादेव प्रकाश, डा. जितेन्द्र स्वामी, पुष्करदत्त जांगिड़, डा. मनोज वर्मा, रामस्वरूप सहित अनेक लोग उपस्थित थे। क्लब सचिव स्वामी ने बताया कि 31 दिसम्बर एवं 1 जनवरी को रोटरी क्लब द्वारा 300 कम्बल वितरित किया जायेगा।

जेबी शाह कन्या महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

झुंझुनूं, 24 जनवरी। जेबी शाह कन्या महाविद्यालय परिसर में शनिवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कर प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य हरिराम रोलन ने कहा कि शिक्षा आगे बढने की प्रेरणा देती है। अच्छी शिक्षा उच्च शिखर तक ले जाने में कारगर साबित होती है। कॉलेज प्राचार्य डा. मधुलिका सक्सैना छात्राओं को अच्छा भविष्य बनाने का आहन किया।इस अवसर पर छात्रा प्रगति तुलस्यान को सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर डा. कुन्दनबाला जैन स्मृति ट्राफी प्रदान की गई।

पूजा शर्मा को श्रीमती गिनोडी देवी चैरीटेबल ट्रस्ट कोलकता ट्राफी एवं अम्बिका कुमारी को शालिनी शर्मा स्मृति ट्राफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में 85 छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों में सवोच्च आने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न वेशभूषा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पूर्व छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। विचित्र वेशभूषा में कविता प्रथम, द्वितीय अनिता, पूनम शेखावत तृतीय स्थान पर रही। पूर्व छात्राओं में पूनम शर्मा, हेमा पुरोहित, अनिता राणासरिया, नीतु अग्रवाल, जुबेदा मिर्जा, पूजा शर्मा ने भी आकर्षक सांस्कृति प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन डा. नीरू खीचां ने किया।

न्यु राजस्थान महाविद्यालय में 20 वें सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन

झुंझुनूं, 11 जनवरी। जिले में चल रहें सात दिवसीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन रविवार को न्यु राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय परिसर में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने युवा पीढ़ी से यातायात सुरक्षा के नियमों की पालना करने का आह्वान किया।

उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि जीवन का हर पल आगे बढ़ने के लिए बहुत महत्वपुर्ण होता हैं। ऐसे में यातायात साधनों को चलाते समय विशेष ध्यान रखते हुऐ युवा तेज गति की बजाय वाहन आराम से चलाएं। बीना हेलमेंट दुपहिया वाहन चलाना सबसे बड़ी गलती बताया। असामयिक दुर्धटनाओं से बचने के लिए भी कहा। जानकारी के अनुसार समापन

समारोह न्यू राजस्थान महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाईयों व यातायात पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी निहालसिंह थे। अध्यक्षता जिला परिवहन अधिकारी मनोज कुमार ने की। विशिष्ट अतिथि सीओ स्काउट मान महेन्द्र सिंह भाटी, पर्यावरण सुधार समिति के राजेश अग्रवाल थे। समारोह के शुभारम्भ अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई गयी। संस्था प्रबन्ध निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढुकिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला परिवहन अधिकारी मनोज कुमार ने अपने अध्यक्षिय भाषण में सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। नेत्र जॉच शिविर के दौरान चिन्हित वाहन चालको को ऐनक वितरित किऐ गये। नौरगंराम दयानंद शिक्षण संस्थान के प्रबंध निदेशक दयानन्द ढुकिया ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. धीरज जैन ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राऐ उपस्थित थी।

मकर संक्राति पर्व तथा करवा चौथ त्यौहार मनाया

झुंझुनूं,15 जनवरी। मकर संक्राति पर्व तथा करवा चौथ के संगम के दिन महिलाओं ने जहां अपने पति की लम्बी उम्र की कामना करते हुए व्रत रखा वहीं पुरूषों ने जमकर पंतगबाजी का लुफ्त उठाया।

अल सुबह ही बच्चे ही नहीं उनके अभिभावक भी पंतगबाजी का आनन्द लेने के लिए अपनी छतो पर चढ़ गये। समय के साथ-साथ धूप निखरते ही फिजा में वो मारा वो काटा की गुंज उठने लगी। मंकर संक्राति के पर्व पर नवविवाहिताओं ने सकरात पहनाकर पुरानी परम्परा को ताजा किया। वहीं अपने बुजुर्गो के चरण छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इस पर्व पर सबसे ज्यादा मौज नटखट देवरो की रही। जिन्हें भाभी की ओर से स्नेह स्वरूप घेवर, फीणी तथा नकद राशि मिली।

इस पर्व पर शहरभर में अनेक स्थलो पर कढाही चढाकर गुलगले तथा पकोडिया बनाई गई। जिन्हें गरीबो में बाटकर पुण्य कमाया। महिलाओं ने इस पर्व पर दान दक्षिणा दे अपनी पुरानी परम्परा का निर्वाह किया। आज के दिन महिलाओं के मंगल सुहाग का प्रतीक करवा चौथ का व्रत भी था। सुहागिन महिलाओं ने नये परिधान पहनकर व्रत की कथा सुनी तथा रात को चन्द्रमा के दर्शन कर अपने सुहाग से आशीर्वाद लिया। उसके उपरांत ही व्रत खोला। मकर संक्राति के मौके पर अनेक स्थानों पर पंतगबाजी की प्रतियोगिताऐं भी हुई।

रोटरी क्लब ने मुक, बधिर, मंद बुद्धी के विद्यार्थियो को स्वेटर बांटे

झुंझुनूं, 5 जनवरी। रोटरी क्लब झुंझुनूं सिटी द्वारा सोमवार को खेमी शक्ती मंदिर प्रांगण में स्थित आशा का झरना के मुक, बधिर, मंद बुद्धी के विद्यार्थियो को स्वेटर बांटे गये। रोटरी क्लब सचिव डॉ. जितेन्द्र स्वामी ने बताया कि स्वेटर क्लब के सत्येन्द्र चौधरी, आयकर अधिकारी उमेश जाखड़ के आर्थिक सहयोग से वितरित की गई। स्वेटर वितरण समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ट चिकित्सक डॉ. रजनेश माथुर ने अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चों की जन्मजात विकृति में इनकी विलक्षण प्रतिभा को निखारने का प्रयास करना चाहिएं। उन्होंने कहा कि इन बच्चो के प्रति किये जाने वाला सहयोग सर्व श्रेष्ट होता हैं। इस अवसर पर डॉ. माथुर ने अपनी और से आशा का झरना के विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री, जूते, मौजे व पांच हजार रूपये की राशि का सहयोग देने की घोषणा की। समारोह की अधक्षता सत्येन्द्र चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि कर सलाहकार आलोक गौड़ थे। डॉ. स्वामी ने बताया कि रोटरी क्लब झुंझुनूं सिटी ने इस विद्यालय को गोद लिया हैं। समारोह में पुष्कर जांगिड, मनोज स्वामी, अशोक सौनी, विमलेश दाधीच उपस्थित थे। अंत में विद्यालय व्यवस्थापक बंशीधर वर्मा ने रोटरी क्लब पदाधिकारियों का आभार जताया।

जरूरतमंद बालिकाओं को नि:शुल्क शिक्षा देने की घोषणा

झुंझुनूं, 20 जनवरी। मोहल्ला काजीवाड़ा स्थित रॉयल चिल्ड्रन एकेडमी संस्था द्वारा जरूरतमंद बालिकाओं को नि:शुल्क शिक्षा देने की घोषणा का स्वागत करते हुए पार्षद अली हसन ने कहा कि गरीबो की सेवा और शिक्षा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। जरूरतमंद मुस्लिम बालिकाओं को शिक्षा से जोडना अच्छे वातावरण का निर्माण करना है। जिसका बीडा रॉयल चिल्ड्रन एकेडमी ने उठाया है। मंगलवार को संस्था द्वारा स्वेटर वितरण समारोह में पार्षद अली हसन बोल रहे थे। इस अवसर पर बलॉक कांग्रेस अध्यक्ष खालीद हुसैन ने रॉयल परिवार द्वारा अल्पसंख्यक बालिकाओं को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाने का आभार जताया। कार्यक्रम में सहारा इण्डिया के प्रबन्धक रियाज फारूकी, एकेडमी प्रबन्ध निदेशक सैय्यद हारून रशीद, निदेशक तेजस्वनी शर्मा, कांग्रेस मीडिया विभाग के जिलाध्यक्ष आबिद हुसैन, जब्बार कुरैशी, मोहम्मद असलम कुरैशी, सैय्यद मोहम्द रफीक आदि ने विचार रखे। महिला कांग्रेस की सदस्या शर्मिला हिंसारिया, मो. रजा पठान, जावेद नागौरी व संस्था स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

टैगोर स्कूल में सांस्कृतिक सप्ताह का समापन

झुंझुनूं, 24 जनवरी। निकटवर्ती ग्राम सीतसर स्थित द टैगोर स्कूल में चल रहे सांस्कृतिक सप्ताह का समापन समारोह शनिवार को समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। सांस्कृतिक सप्ताह के अन्तर्गत नृत्य,गायन, प्रश्नोतरी, वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला, विचित्र वेषभूषा तथा आशुभाषण सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्था निदेशक सुरेन्द्र अहलावत ने कहा कि सहशैक्षिक गतिविधियों के आयोजनो से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास में बढोतरी के साथ नेतृत्व क्षमता के गुण अजागर होते है।